91 वर्ष
सफलता, निष्पक्ष और विश्वसनीयता के

दैनिक नवज्योति
आपके लिए, आपके साथ
dainiknavajyoti.com

किशनगढ़ नवज्योति

अजमेर,रविवार, 22 नवंबर, 2026 | 4

चार माह की धर्म आराधना के बाद आचार्य का विहार

आचार्य ससंघ के पुनः आगमन की मंगल कामना, आचार्य ने किशनगढ़ चातुर्मास को सर्वश्रेष्ठ बताया

मदनगंज-किशनगढ़। चार माह तक धर्म नगरी किशनगढ़ की धरा को धर्म, भक्ति और गुरु वात्सल्य से अभिसिंचित करने के बाद शनिवार को राष्ट्रसंत आचार्य विहर्षसागर महाराज ससंघ का मंगल विहार हुआ। आरके कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित चातुर्मास समापन एवं विदाई समारोह में श्रद्धालुओं की भावनाएं उमड़ पड़ीं। गुरु के विहार की बेला में पूरा वातावरण भावुक हो गया। किसी की आंखों से आंसू छलक पड़े तो किसी ने हाथ जोड़कर गुरुवर के पुनः किशनगढ़ आगमन की मंगल कामना की। इस दौरान 'रोको रे रोको गुरुवर को विहार से...' जैसे भावपूर्ण भजनों ने माहौल को और भी भावुक बना दिया। आचार्य ने मंगल देशना में नगरवासियों की भक्ति, समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि संत भले ही नगर से विहार कर जाएं लेकिन भक्तों के हृदय से कभी दूर नहीं होते। जब भी उनका स्मरण किया जाएगा, वह अपने भक्तों के हृदय में ही मिलेंगे। उन्होंने किशनगढ़ चातुर्मास को स्वयं के 32 चार्तुमासों में विशेष स्थान देते हुए कहा कि किशनगढ़ का चातुर्मास सर्वश्रेष्ठ रहा। यहां समस्त धार्मिक आयोजन प्रभावी रूप से संपन्न हुए।



किशनगढ़। विहार से पूर्व श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते श्रद्धालु एवं उपस्थित श्रद्धालु।



किशनगढ़। विहार से पूर्व श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते श्रद्धालु एवं उपस्थित श्रद्धालु।

चार माह तक भक्ति और धर्म की बही अमृतधारा : चातुर्मास के दौरान मंगल कलशस्थापना से लेकर पार्श्वनाथ भगवान मोक्ष कल्याणक महोत्सव, रक्षा बंधन विधान, पर्युषण महापर्व पर विभिन्न विधान, जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव तथा भगवान महावीर निर्वाण मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर पावापुरी की रचना जैसे आयोजनों ने पूरे शहर को धर्ममय बना दिया। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन अनेकों श्रद्धालु देश के विभिन्न क्षेत्रों से किशनगढ़ पहुंचे।

भामाशाह एवं समाजजनों ने व्यक्त किए भाव : भामाशाह अशोक पाटनी नेभावुक होते हुए कहा कि आचार्य का उपकार कभी भूलाया नहीं जा सकता। उनसे जो वात्सल्य और स्नेह मिला है, वह हमेशा स्मरण रहेगा।

शांता पाटनी ने भावुक स्वर में पूछा कि गुरुवर अब वापस किशनगढ़ कब पधारेंगे। उन्होंने उड़ गया पक्षी हरी-भरी डाल से... के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। चातुर्मास मुख्य संयोजकराजकुमार दोषी ने कहा कि ऐतिहासिक चातुर्मास का श्रेय भामाशाह आरके मार्बल पाटनी परिवार को जाता है। आचार्य किशनगढ़ से अलविदा जरूर हो रहे हैं लेकिन हमारे दिलों से कभी विदा नहीं होंगे।

मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत उपाध्यक्ष मांगीलाल झांझरी, मंत्री प्रदीप गंगवाल, पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, समाजसेवी संजय पापड़ीवाल, समाजसेवी महेंद्र पाटनी आदि ने कहा कि संपूर्ण समाज आचार्य का सदैव ऋणी रहेगा।

चातुर्मास की सफलता में पूरी टीम का योगदान : ऐतिहासिक चातुर्मास के मुख्यसंयोजक राजकुमार दोषी, वित्त संयोजक विमल पाटनी, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत उपाध्यक्ष मांगीलाल झांझरी, मंत्री प्रदीप गंगवाल, कोषाध्यक्ष अशोक पापल्या सहित पंचायत के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, चार्तुमास समिति एवं समस्त टीम ने चार माह तक निरंतर समय, श्रम, सहयोग और समर्पण दिया।

आचार्य शांतिसागर स्मारक में मंगल प्रवेश : किशनगढ़ से मंगल विहार केपश्चात आचार्य विहर्षसागर महाराज ससंघ ने जयपुर रोड स्थित आचार्य शांतिसागर स्मारक पर मंगल प्रवेश किया। यहां आचार्य शांतिसागर स्मारक ट्रस्ट ट्रस्टियों सहित सकल दिगंबर जैन समाज ने अगवानी कर आचार्य का अभिनंदन किया। आचार्य का रात्रि विश्राम शांतिसागर स्मारक पर रहेगा तथा रविवार को प्रातः आहारचर्या भी यहीं सम्पन्न होगी। इसके पश्चात दोपहर में आचार्य ससंघ 90 डिग्री के लिए मंगल विहार करेंगे। जहां रात्रि विश्राम रहेगा।



किशनगढ़। विधान की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

इंद्र ध्वज महामण्डल विधान पूजा में उमड़े श्रद्धालु

मदनगंज-किशनगढ़। जैन धर्म के अष्टाह्निका पर्व के तहत सिटी रोड स्थित आदिनाथ मंदिर में पंचम दिवस शनिवार को भी इंद्र ध्वज महामण्डल विधान में श्रद्धालुओं को तांता लगा रहा।

सर्वप्रथम मुनिसुव्रतनाथ भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा हुई। जिसके पुण्यार्जक सौधर्म इंद्र परिवार नौरतमल, राकेशकुमार, विनयकुमार पाटनी सहित परिजन रहे। तत्पश्चात कमल सेठी, रेखा झांझरी, नीतू गंगवाल ने मधुर संगीत स्वर लहरियों के बीच पंडित रोहित शास्त्री एवं अनिरुद्ध भैया के निर्देशन में विधान पूजा करवाई। जिसमें सर्वप्रथम विनय पाठ, नव देवता, आदिनाथ भगवान की पूजा, नंदीश्वर की महापूजा, पंचमेरु पूजन एवं इंद्र ध्वज मण्डल विधान की छह पूजाएं की गई। इस अवसर पर आरके परिवार से अशोक पाटनी, शांता पाटनी, आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप गंगवाल, मंत्री प्राणेश बज, उपमंत्री इंदरचंद पाटनी, संपत दगड़ा, सुभाष चौधरी, नौरतमल पाटनी, महावीरप्रसाद काला, कैलाशचंद पहाड़िया, ज्ञानचंद पाटनी, संजय झांझरी, लोकेश झांझरी, राजेश पहाडिया सहित अनेक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। सायंकालीन बेला में भक्तामर पाठ महाआरती व रोहित भैया के मंगल प्रवचन हुए।

विहिप के हिंदू हितचिंतक अभियान का शुभारंभ

केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी व पूर्व विधायक सुरेश टाक सदस्य बने

मदनगंज-किशनगढ़। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रव्यापी सदस्यता महा अभियान 'हिंदू हितचिंतक अभियान' का किशनगढ़ प्रखण्ड में विधिवत शुभारंभ काचरिया पीठाधीश्वर डॉ. जयकृष्ण देवाचार्य ने किया। अभियान के शुभारंभ के बाद विहिप पदाधिकारियों ने जनसंपर्क करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा पूर्व विधायक सुरेश टाक को भी विधिवत रूप से संगठन का 'हितचिंतक' (सदस्य) बनाया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र सेवा के अभियान की सराहना की तथा समाज के हर वर्ग से इससे जुड़ने का आह्वान किया। अभियान प्रमुख एडवोकेट दीपेश भाट ने बताया कि अभियान के तहत एक करोड़ सदस्यों का राष्ट्रव्यापी लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित होने वाले अभियान के तहत देशभर में एक करोड़ हिंदुओं को प्रत्यक्ष रूप से संगठन से जोड़ा जाएगा। अभियान प्रमुख भाट व विहिप नगर अध्यक्ष सीए मनीष पारीक ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी हिंदू व्यक्ति मात्र 20 रुपए का सहयोग शुल्क देकर डिजिटल माध्यम से पंजीकरण कराकर 'हितचिंतक' बन सकता है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद किशनगढ़ प्रखंड, बजरंग दल एवं मातृशक्ति-दुर्गावाहिनी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।



किशनगढ़। हिंदू हितचिंतक अभियान का शुभारंभ करते डॉ. देवाचार्य।



किशनगढ़। राजकीय अस्पताल की मोर्चरी के बाहर मौजूद पुलिस। पिंटू टेलर।

मार्बल फैक्ट्री में श्रमिक ने की आत्महत्या

मदनगंज-किशनगढ़। मार्बल एरिया हरमाड़ा रोड स्थित एक मार्बल फैक्ट्री में शनिवार को श्रमिक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पेरिया कोढर थाना मछरेहटा जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश निवासी रामधार (36) पुत्र परशुराम राजवंशी मार्बल फैक्ट्री में श्रमिक था। घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री में काम कर रहे अन्य श्रमिक और कर्मचारी मौके पर जमा हो गए और फैक्ट्री मालिक को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची गांधीनगर थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को फंदे से उतरवाकर राजकीय वाईएन जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। श्रमिक ने फांसी किन कारणों से लगाई है, पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है।

नव मतदाताओं ने ली मतदान की शपथ

मतदाता जागरूकता को लेकर निबंध व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

मदनगंज-किशनगढ़। मतदाता जागरूकता क्लब के तत्वावधान में शनिवार को आरके पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्य प्रो. जेपी शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए युवा मतदाताओं को इस पहल से 'चेन सिस्टम' के माध्यम से स्वयं व दूसरों के वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. लोकबंधु ने विद्यार्थियों को जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। ईएलसी प्रभारी अब्दुल रशीद ने प्रतियोगिता के आगामी चरणों व भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने 'शुद्ध मतदाता सूची एवं मतदान का महत्व' विषय पर निबंध लिखा तथा निर्वाचन साक्षरता एवं मतदाता जागरूकता (मतदाता सूची निर्माण, ईवीएम व वीवीपैट और मतदान व मतगणना प्रक्रिया) पर आधारित प्रश्नोत्तरी हल की। निबंध की निर्णायक रेखा जाजोरिया व डॉ. नीलोफर कोहरी तथा प्रश्नोत्तरी के निर्णायक डॉ. अक्षयनारायण पारीक व डॉ. श्यामलाल उदेनिया रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के इकाई प्रभारी डॉ. भजनलाल, डॉ. अर्जुनलाल, डॉ. अविनाश अग्रवाल, डॉ. मंगलकुमार मीणा व अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम उदिशा गुर्जर बीएससी पंचम सेमेस्टर, द्वितीय सरोज परसोया बीएससी मैथ्स सेमेस्टर, प्रथम व तृतीय स्थान संयुक्त रूप से विकास बीए प्रथम वर्ष व दिशान्वी यादव बीए द्वितीय वर्ष चयनित किए गए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम आशीष खोरवाल, द्वितीय अदिति रेणु मालाकार व उदिशा गुर्जर एवं तृतीय राजी गुर्जर रही। समापन पर नव मतदाताओं ने मतदान की शपथ ली।



किशनगढ़। निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। योगेश पुरोहित

सुरसुरा के सपूत सुनील चौधरी की पार्थिव देह आज पहुंचेगी

रूपनगढ़। भारतीय वायुसेना में कार्यरत उपखंड के ग्राम सुरसुरा के वीर सपूत सुनील चौधरी ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। स्वास्थ्य अचानक प्रतिकूल होने पर उन्हें आर्मी कमांड अस्पताल, उधमपुर में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। वे श्रीनगर (बड़गाम) में भारतीय वायुसेना की 45 वीं यूनिट में तैनात थे। 13 जून 1994 को जन्मे सुनील चौधरी के निधन का समाचार मिलते ही सुरसुरा सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। उनका पार्थिव शरीर रविवार प्रातः किशनगढ़ के नए बस स्टैंड पहुंचेगा, जहां से राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव सुरसुरा, नौदलों की ढाणी तक लाया जाएगा। वे सन् 2014 में भर्ती हुए थे और उन्होंने 12 साल सेवाएं दीं। वे कम्युनिकेशन टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत थे।



रूपनगढ़- शहीद सुनील चौधरी।

मतदाता जागरूकता को लेकर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

मदनगंज-किशनगढ़। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की ओर से राजकीय कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शनिवार को निबंध प्रतियोगिता हुई। जिसमें 30 छात्राओं ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अंतर्गत चुनाव, मतदाता जागरूकता से संबंधित 35 प्रश्न पूछे गए। जिसमें प्रथम भारती, द्वितीय कविता यादव व तृतीय उर्मिला रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में मतदाता जागरूकता क्लब प्रभारी पूनम दोलिया व डॉ. शंकरलाल चौधरी उपस्थित रहे। प्राचार्य सीपी पोखरना ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते छात्राओं को मतदाता के के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शंकर लाल चौधरी द्वारा किया गया।

बीएलजी में बंदरों का आतंक, 15 दिन में चार लोग घायल

मदनगंज-किशनगढ़। अजमेर रोड, बीएलजी मयूरा सिटी में एक माह से 8 से 10 बंदरों की टोली ने आतंक मचा रखा है। विगत 15 दिनों में बंदरों ने चार लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। ताजा घटना शनिवार सुबह की है, जब एक व्यक्ति स्वयं के बच्चे की सुरक्षा के लिए घर से बाहर आया। इस दौरान अचानक एक बंदर ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल को उपचार के लिए राजकीय यज्ञनारायण चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। लगातार हो रहे हमलों के चलते मयूरा सिटी के निवासियों में भय का माहौल है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं है। मयूरा सिटी रेजिडेंशियल सोसायटी के सचिव जीएस छापरवाल ने बताया कि बंदरों के आतंक से निजात दिलाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर क्षेत्रवासी रविवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।



स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन

मदनगंज-किशनगढ़। रतनलाल कंवरलाल पाटनी गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में स्वीप गतिविधियों के तहत निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय निदेशक एवं सचिव सीए सुभाष अग्रवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। छात्राएं परिवार एवं समाज में भी मतदाता जागरूकता का संदेश देकर लोकतंत्र को मजबूत बना सकती है। वहीं प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने छात्राओं को जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। ईएलसी कॉर्डिनेटर डॉ. राधा गुप्ता के निर्देशन में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में करीब 20 छात्राओं ने मतदान के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए, जबकि क्विज प्रतियोगिता में 50 छात्राओं ने निर्वाचन आयोग, चुनाव प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण एवं मतदान प्रणाली से जुड़े प्रश्नों में भाग लिया। डॉ. राधा गुप्ता ने क्लब के उद्देश्यों की जानकारी दी। निबंध प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. ज्योति शर्मा, डिम्पल ज्योतियाना एवं कविता प्रियदर्शिनी ने किया। कार्यक्रम संचालन में सहायक कॉर्डिनेटर सुरेश शर्मा सहित संकाय सदस्यों का सहयोग रहा। अंत में स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान, मतदान में सक्रिय भागीदारी एवं अन्य नागरिकों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।



यह रहे परिणाम

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनु मालाकार (बीएससी मैथ्स), द्वितीय सुहानी मालू (बीबीए) रहीं। क्विज प्रतियोगिता में अदिति सैन (बीए) एवं द्वितीय ज्योति चौधरी (बीए) रही। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित छात्राएं आगामी ईआरओ स्तर की प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
शाखा- सिलोरा, जिला- अजमेर (राज.) फोन नं. 01463-514445, मो. 8094007053; ई-मेल: silora@bankofbaroda.com
119

परिशिष्ट-IVक {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}
अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूत हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति-दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक एवं समय, अग्रिम धनराशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ऋणीयों, गिरवी रखने वाले एवं गारन्टरों के नाम एवं पते:- श्रीमती रामकन्या पत्नी श्री मिश्री लाल (ऋणी), ग्राम, सिलोरा, किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) 305802

बकाया :- डिमाण्ड नोटिस दिनांक :- 27/12/2022; रू. 26,48,061.86/- दिनांक 24/12/2022 + आगे का ब्याज, लागत, शुल्क व अन्य खर्चे इत्यादि। **वर्तमान बकाया राशि :-** रू. 26,48,061.86/- दिनांक 24/12/2022 तक ब्याज शामिल करते हुए तथा आगे का ब्याज, लागत, शुल्क, व अन्य खर्चे इत्यादि।

कब्जे की स्थिति : - प्रतीकात्मक कब्जा

सम्पत्ति के निरीक्षण का दिनांक व समय :- 14/12/2026 दोपहर 12.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक

धरोहर राशि जमा करवाने कि अन्तिम दिनांक 22/12/2026 समय सायं: 4:00 तक

ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो -	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की दिनांक एवं समय
श्रीमती रामकन्या पत्नी श्री मिश्री लाल जांगिड की आवासीय सम्पति ग्राम सिलोरा, पटटा नं. 470 तह. किशनगढ जिला अजमेर (राज.) मे स्थित है जिसका क्षेत्रफल (बैंक रिकॉर्ड के अनुसार 130.55 वर्गगज) मौके पर वास्तविक क्षेत्रफल 107.05 वर्गगज, **चतुर्थ सीमाए:-** पूर्व में श्री रमेश चंद कुमावत का प्लाट, पश्चिम में पंचायत पडत भूमि पश्चात् श्री लक्ष्मी नारायण कुमावत का प्लाट, उत्तर में रास्ता उसके पश्चात् ग्राम पंचायत भवन, दक्षिण में श्री चांद मल कुमावत का घर **ऋण भार :- ज्ञात नहीं**	आरक्षित मूल्य **रू. 6,74,000/-** अग्रिम धनराशि **रू. 67,400/-** बोली वृद्धि राशि **रू. 10,000/-**	**23/12/2026** दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयवृद्धि के साथ)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाईट अर्थात **https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm** तथा Auction portal (https://Baanknet.Com), इसके अलावा, सम्भावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से **फोन नं. 01463-514445, मो. 8094007053** पर सम्पर्क कर सकते है। अधिक विवरण हेतु स्केन करे

तारीख: 20/11/2026 **स्थान: अजमेर (राज.)** **प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा**

DNJ-418594

नीलगाय को बचाने के चक्कर में बाइक का बिगड़ा संतुलन, युवक की मौत

एरोसिटी कॉलोनी के पास हुए हादसे में युवती घायल

मदनगंज-किशनगढ़। जयपुर-अजमेर नेशनल हाईवे स्थित एरोसिटी कॉलोनी के पास शनिवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक बाइक हाईवे पार कर रही नीलगाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गढ्ढे में गिर गई। जिससे बाइक सवार युवक व पीछे बैठी युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। गांधीनगर थाना पुलिस जानकारी के अनुसार एमआई रोड़ जयपुर निवासी बृजेश पुत्र कैलाश चंद शर्मा (32) अपनी किसी परिचित युवती के साथ बाइक पर जयपुर से पुष्कर जा रहे थे। दोनों शाम करीब 5 बजे एयरपोर्ट से कुछ ही दूरी पर एरो सिटी कॉलोनी के पास पहुंचे ही थे कि एक नीलगाय हाईवे क्रॉस कर रही थी, इसी दौरान अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गई। बाइक सवार बृजेश व पीछे बैठी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दे दी। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से राजकीय अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने बृजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराएगी।

रालोपा ने मनाया जीत का जश्न

रूपनगढ़। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को सिलोरा पंचायत समिति क्षेत्र में विशेषकर रूपनगढ़ क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता मिली है। आरएलपी के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल राजस्थान में जवान, किसान, पीड़ित, शोषित की आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठा रहे हैं जिससे जनता ने उन्हें अब पर्याप्त अधिकार दिए हैं। चौधरी ने बताया कि पार्टी पंचायत राज चुनावों में राजस्थान की तीसरी ताकत के रूप में खड़ी हो गई है और ये जनता जनार्दन की जीत है। जनता बीजेपी व कांग्रेस दोनों के भ्रष्टाचार, किसानों के साथ नाइंसाफी, युवा बेरोजगारी बिजली, पानी स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा और पंचायत समिति सिलोरा किशनगढ़ में सड़कों की खराब हालत से जनता परेशान हो चुकी है। आरएलपी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाकर बधाइयां दीं।



बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल, फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV -A)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 23.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:-

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार का नाम	बकाया राशि	सम्पत्तियों का पता	कब्जा प्रकार / शाखा नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी)
1	1. जमील मार्बल इंडस्ट्रीज (ऋणी) जी-1-19 तृतीय फेज हरमारा रोड, मदनगंज किशनगढ़ जिला-अजमेर, राजस्थान 305801; 2. श्री मोहम्मद जमील पुत्र हनीफ अली (साझेदार) 1 छिपो का मोहल्ला छिपो की मस्जिद के पास नया शहर किशनगढ़	01.05.2026 तक बकाया रूपये 1,91,02,897.48+ आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर।	सामिक बंधक संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जिसमें प्लॉट नं.1, खसरा नं.279, गांव-संवतसर मदनगंज-किशनगढ़ जिला-अजमेर राजस्थान के उत्तर की ओर आधे हिस्से में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 813.71 वर्गगज है, जो मोहम्मद सलीम पुत्र हनीफ अली के नाम पर है।	सांकेतिक कब्जा गोपालपुरा	आरक्षित मूल्य रु.1,02,00,000/- (रु. एक करोड़ दो लाख मात्र) एवं ईएमडी- रु.10,20,000/- (रु.दस लाख बीस हजार मात्र)

सिटी जिला-अजमेर राजस्थान 305802; 2(अ). श्रीमती जोहरा बेगम पत्नी जमील मोहम्मद (साझेदार) 1 छिपो का मोहल्ला छिपो की मस्जिद के पास नया शहर किशनगढ़ सिटी जिला-अजमेर राजस्थान 305802;
3. मोहम्मद सलीम पुत्र हनीफ अली (गारंटर) छिपो का मोहल्ला छिपो की मस्जिद के पास नया शहर किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान 305801

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 18.12.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य

बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 22.12.2026 सायं 05.00 बजे तक

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक **https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search** और baanknet पोर्टल (https://baanknet.in) का संदर्भ लें। दिनांक **20.11.2026** स्थान:- अजमेर **गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी; बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबर:9763923662**

DNJ-418581

राजसमन्द नवज्योति

» राजसमन्द » देवगढ़ » आमेट » नाथद्वारा » बरार » केलवाड़ा » रेलमगरा » सरदारगढ़ » केलवा » बनेडिया » माद » देलवाड़ा » दरीबा » कोटड़ी » पछमता » कुरज » एमडी » उपली ओडन

पालीवाल ब्राह्मण महासभा का सामूहिक विवाह : माता तुलसी व भगवान शालिग्राम का विवाह भी हुआ

तीन ठाकुरजी के सान्निध्य में 11 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में, 61 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार





ब्यूरो/नवज्योति, राजसमंद। पालीवाल ब्राह्मण महासभा मेवाड़ के तत्वावधान में 100 फीट रोड स्थित गजानन वाटिका में आयोजित दो दिवसीय सामूहिक विवाह एवं धार्मिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। देवउठनी एकादशी पर आयोजित इस महोत्सव में करीब पांच हजार से अधिक समाजजनों ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें आठ वर-वधु जोड़ों का विवाह समाज की ओर से पूर्णतः निःशुल्क करवाया गया। इसके साथ ही 61 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार तथा माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह विधि-विधान से हुआ। महासभा के सचिव राजेशजोशी ने बताया कि महोत्सव के तहत बड़ा भाणुजा से लक्ष्मीनारायणजी, खमनोर से चारभुजाजी तथा चंदेसरा खेड़ा से द्वारकाधीश लवाजमे के साथ समारोह में पधारे। बड़ा भाणुजा से भगवान लक्ष्मीनारायण और खमनोर से चारभुजानाथ द्वारकेश चौराहे पहुंचे, जहां से शाही लवाजमे के साथ बेवाण में विराजित ठाकुरजी की शोभायात्रा रवाना हुई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जेके मोड़, चौपाटी बस स्टैंड, जलचक्की और 100 फीट रोड से गजानन वाटिका पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर ठाकुरजी का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान वर-वधुओं की बंदोली भी निकाली गई।

पहली बार आयोजित सर्व ब्राह्मणसमाज के इस सामूहिक विवाह समारोह में सैकड़ों समाजजनों ने भागीदारी निभाई। आयोजन में समाज के भामाशाहों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इनमें प्रमुख रूप से चंद्रशेखर पुरोहित और मिराज समूह के सीएमडी मदन पालीवाल सहित कई समाजसेवी शामिल रहे।

महोत्सव को सफल बनाने में धर्मनारायण जोशी, घनश्याम पालीवाल, भंवरलाल पालीवाल, हरगोविंद पालीवाल, कैलाश जोशी, केशूलाल पालीवाल, भगवतीलाल पालीवाल, देवीलाल पालीवाल, दुर्गाशंकर पुरोहित (कुंठवा), एडवोकेट भरत पालीवाल, नरेंद्र पालीवाल, पुष्पा पालीवाल, किशनलाल पालीवाल (मोरवड़), राजेश जोशी, गिरीश पालीवाल, लक्ष्मीलाल पालीवाल, मुकेश मेनारिया, बद्रीलाल मेनारिया, गिरिजाशंकर पालीवाल, प्रवीण बागोरा, जगदीश पालीवाल (धर्मेटा) और गोपाल पालीवाल (केलवा) सहित समाजजनों एवं कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। समारोह के समापन पर समाजजनों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

कांकरोली के द्वारकाधीश मंदिर में हुआ देव प्रबोधनी और तुलसी विवाह महोत्सव



ब्यूरो/नवज्योति, राजसमंद। श्रीपुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवप्रबोधनी एकादशी और द्वादशी पर देवप्रबोधनी एवं तुलसी विवाह उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। एकादशी के दिन प्रभु के श्रृंगार दर्शन सुबह करीब साढ़े नौ बजे खुले। इस अवसर पर प्रभु को विशेष श्रृंगार धराया गया।

श्रीमस्तक पर मझले साज की सफेद कुल्है, हीरे के कुंडल तथा लाल अतलस की किनारी वाली चाकदार वागा, सूथन-मोजा धारण कराए गए। प्रभु को हीरा व पन्ना की दो जोड़ी का श्रृंगार, हीरे के कड़े, दोई हेमल, मणि सहित चारों आभरण, हार-पदक, ग्यारह आयुध के फूल, नौ चंद्रिका का सादा जोड़, सफेद पटका, अमरसी दहाई के ठाड़े वस्त्र, दो वैजयंती हार और हीरे के चौखटा सहित नया गदल साज धराया गया। भीतर के बड़े वस्त्र लाल तथा छोटे-मझले हरे पाट के रहे, जबकि श्याम तारावाली पिछवाई सजाई गई। प्रातःकालीन श्रृंगार दर्शन के दौरान राग कान्हारी में देवप्रबोधनी का पद 'आज परव दिन देव दिवारी बागो अतलस पीरो सोहे कुलही श्वेत सिरधारी' गाया गया।

नवधा भक्ति के प्रतीक मांडने और साठा मंडप का भाव : द्वारकाधीश की निज तिवारी मेंसफेद खड़ी से कोड़ी मांडी गई और उसमें रंग भरे गए। चार-चार डोर और नौखंड मांडे गए, जो नवधा भक्ति के प्रतीक हैं। यश स्वरूप शुभ्र सुधाविर्भाव के भाव से खड़ी से मांडना मांडा गया तथा प्रभु को प्रिय शंख के भाव से कोड़ियों पर शंखोलिया बनाए गए।

दक्षिण दिशा में जीवोद्धार हेतु रसदानार्थ मुखारबिंद कर प्रभु को विराजित किया गया। रसमय भाव से साठा का मंडप सजाया गया। इसी दिन से रसलीला और मानादि लीलाओं का प्रारंभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार देवप्रबोधनी एकादशी पर छोटी दीपावली मनाई जाती है। इस दिन देव जागृत होते हैं और विवाह सहित मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है।

उत्थापन, छोटी दीपावली और अंगेठी सेवा की शुरुआत : मुख्य समाधानी राजकुमार गौरवाने बताया कि ग्वाल के दर्शन भीतर ही खुले, जबकि राजभोग के दर्शन दोपहर सवा बारह बजे हुए। शाम पांच बजे उत्थापन के दर्शन करीब आधे घंटे तक चले। इसके बाद छोटी दीपावली की तैयारियां शुरू हुईं। मंदिर मुखिया, सहायक मुखिया और भीतरिया ने 16-16, 8-8 और 4-4 के क्रम में पत्तों सहित साठे इस प्रकार लगाए कि चारों दिशाओं से मध्य भाग के दर्शन सुलभ रहें। चारों दिशाओं में आठ-आठ दीपक रखे गए। रतन चौक में सफेद चूने से मांडना मांडा गया और चारों ओर दीप प्रज्वलित किए गए। साथ ही प्रभु द्वारकाधीश को सर्दी से बचाने के लिए सन्मुख अंगेठी सेवा भी प्रारंभ की गई।

पंचामृत स्नान, आरती और रातभर चले जागरण दर्शन : शाम साढ़े छह बजे शंख ध्वनि और घंटियों के बीच शालिग्राम को पंचामृत से स्नान कराया गया। गोस्वामी संजीव कुमार महाराज ने विधि-विधान से पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद रात करीब आठ बजे शयन के दर्शन खुले और रात नौ बजे से जागरण दर्शन शुरू हुए, जो सुबह पांच बजे तक निरंतर चले। धार्मिक आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ बाहर से आए वैष्णवजनों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

सामूहिक तुलसी विवाह में 132 जोड़ों ने 35 हवन कुंडों पर दी आहुतियां

ठाकुरजी की बिंदौली, कलश यात्रा के बाद हुआ पाणिग्रहण संस्कार



राजसमंद। देवउठनी एकादशी पर बागोल में समस्त खटीक समाज की ओर से आयोजित सामूहिक तुलसी विवाह एवं उद्यापन समारोह में मंगल कलश लिए महिलाएं व शामिल समाजजन।

ब्यूरो/नवज्योति, राजसमंद। देवउठनी एकादशी पर नाथद्वारा उपखंड क्षेत्र के ग्राम बागोल स्थित खटीक मोहल्ला में समस्त खटीक समाज के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सामूहिक तुलसी विवाह एवं उद्यापन समारोह भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। इस धार्मिक महोत्सव में जिले के विभिन्न गांवों के साथ गुजरात और महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में समाजजन एवं जोड़े शामिल हुए। करीब 132 जोड़ों ने सामूहिक उद्यापन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

आयोजन समिति के सदस्य ओमप्रकाश बंशीवाल ने बताया कि समारोह के पहले दिन दोपहर में बागोल बस स्टैंड पर शालिग्रामजी की बारात का स्वागत किया गया। इसके बाद बस स्टैंड से गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए खटीक मोहल्ला स्थित समारोह स्थल तक ठाकुरजी की बिंदौली, कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली गई।

इसमें ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष और युवा शामिल हुए। समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य साधु-संतों का विशेष सान्निध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ। आयोजन समिति के सदस्य जगदीश बंशीवाल, खेमराज चावला, दयालाल बंशीवाल, भरत बंशीवाल, कैलाश बंशीवाल, भैरूलाल बंशीवाल, मुकेश बंशीवाल, मनोहर चावला, जितेंद्र बंशीवाल, हितेश बंशीवाल, जयेश चावला, लोकेश, अक्षय, पीयूष सहित समाजजनों, मातृशक्ति एवं युवा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

35 हवन कुंडों पर हुआ देव विवाह : समारोह के तहत सुबह मंत्रोच्चारके साथ शालिग्रामजी और तुलसी मैया का पाणिग्रहण संस्कार विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस दिव्य देव विवाह के लिए समारोह स्थल पर बनाए गए 35 हवन कुंडों पर करीब 132 जोड़ों ने एक साथ बैठकर आहुतियां दीं।

धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के बाद सुबह 11:30 बजे से शाम तक महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। शाम 4 बजे ठाकुरजी एवं तुलसी मैया की बारात की भावभीनी विदाई की गई।

मेहन्दुरिया के चारभुजा नाथ ने शोपुरा में तुलसी मैया से किया विवाह



सोपुर गांव में जाकर तुलसी जी से विवाह किया मेहन्दुरिया के चारभुजा नाथ ने

नवज्योति, दरीबा। मेहन्दुरिया ग्राम के चारभुजा नाथ मंदिर में भगवान के विवाह समारोह के तहत शुक्रवार शाम 7 बजे महिलाओं ने कलश लेकर आगमन किया। मंदिर में कलश उतराई की रस्म के बाद थंब रूपवाई की रस्म हुई। तत्पश्चात भगवान चारभुजा नाथ की बिनोली डीजे के साथ मोती बाजार, भट्टियाणी चोहट्टा, रावला चौक, ब्रह्मपुरी, वैष्णव नगर, नई आबादी और कुम्हारवाड़ा होते हुए निज मंदिर पहुंची। मार्ग में भक्तों ने जगह-जगह अल्पाहार की व्यवस्था की। डीजे पर बज रहे भजनों पर युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। शनिवार सुबह 7 बजे माताओं-बहनों ने प्रभु की वर निकासी की रस्म कराई, जिसके बाद बारात रवाना हुई। रथ, गाड़ियों, कारों और मोटरसाइकिलों सहित विभिन्न वाहनों पर सवार होकर बारात करीब 3 किलोमीटर दूर शोपुरा गांव पहुंची, जहां शोपुरा के पंच-पटेलों ने स्वागत किया। करीब 10 बजे ठाकुरजी ने तोरण वादन की रस्म अदा की। इसके बाद 10.15 बजे पंडितों ने ठाकुरजी और तुलसी मैया के विधिवत मंत्रोच्चार के साथ फेरे कराए। चारभुजा नाथ और तुलसी मैया के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। विवाह समारोह के बाद प्रसादी ग्रहण की गई तथा शोपुरा के पंच-पटेलों और नारी शक्ति ने विधिवत विदाई दी।

मेहन्दुरिया के उपसरपंच ओमप्रकाश वैष्णव ने बताया कि विवाह समारोह के तहत 22 नवंबर को मेहन्दुरिया के राउमावि में भगवान और माता तुलसीजी का आशीर्वाद समारोह आयोजित होगा, जिसके बाद प्रसादी की जाएगी।

तुलसी-शालिग्राम विवाह में 71 जोड़ों ने दी आहुतियां



ब्यूरो/नवज्योति, राजसमंद। आकोदिया खेड़ा गांव में शनिवार को तुलसी-शालिग्राम विवाह समारोह की रस्में उत्साह के साथ संपन्न हुईं। शिव मंदिर परिसर में पांच दिन से चल रहे समारोह में महिलाओं ने मंगल गीत गाए और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पहले गाजे-बाजे के साथ ठाकुरजी की बारात निकाली गई। बारात शिव मंदिर के पास स्थित विवाह स्थल पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पंडित जगदीश चंद्र शर्मा के मंत्रोच्चार के बीच तोरण की रस्म संपन्न हुई।

इसके बाद ठाकुरजी को विवाह की चंवरी में विराजमान किया गया। नौ कुंडीय यज्ञ में गांव के 71 यजमान जोड़ों ने आहुतियां दीं। समारोह के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और तुलसी माता व ठाकुरजी के सात फेरों की रस्म निभाई गई। ग्रामीणों ने हटलेवा की परंपरा निभाते हुए श्रद्धालुओं की ओर से नकद राशि और आभूषण भेंट किए। समारोह में मंदिर के पुजारी सोहनदास, प्रकाशदास और राजूदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

गिलुंड में धूमधाम से हुआ भगवान चारभुजानाथ और तुलसीजी का विवाह



नवज्योति, रेलमगरा। उपखंड क्षेत्र के गिलुंड कस्बे में शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के बीच तुलसी विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समस्त भक्तजनों, ग्रामवासियों और महिला मंडल की करीब 51 महिलाओं के सामूहिक सहयोग से आयोजित समारोह में कस्बे के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान चारभुजानाथ एवं तुलसीजी के विवाह की रस्में संपन्न हुईं।

समारोह के तहत सुबह भगवान चारभुजानाथ एवं तुलसीजी की सामूहिक बिंदोली निकाली गई। बिंदोली सुथार मोहल्ले से डीजे की मधुर धुनों के साथ रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई विवाह स्थल पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विवाह स्थल पर बारात का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद भगवान चारभुजानाथ एवं तुलसीजी को विधि-विधान से विवाह मंडप में प्रवेश करवाया गया। विवाह स्थल पर मुख्य वेदी के साथ पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां देकर धर्मलाभ लिया। इसके बाद धार्मिक परंपराओं के अनुसार विवाह की रस्में शुरू हुईं। भगवान चारभुजानाथ एवं तुलसीजी के फेरे और हथलेवा की रस्म विधि-विधान से संपन्न करवाई गई। आयोजन मंडल की ओर से विवाह स्थल से सुथार मोहल्ला स्थित चारभुजा मंदिर तक ध्वजा बंधन की रस्म भी निभाई गई। इससे पूर्व संध्या को मुंगाणा धाम के संत रामपाल ने विवाह स्थल पर तुलसी माता एवं ग्यारस माता की कथा का भावपूर्ण वाचन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान कस्बे में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। समारोह ने क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत को जीवंत करने के साथ सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का संदेश दिया।

ई–नीलामी बिक्री सूचना

कलकत्ता के उच्च न्यायालय में
मूल अधिकार क्षेत्र
मूल पक्ष
कंपनी याचिका नं. 896 ऑफ 2016
से संबंधित
कंपनी आवेदन नं. 11 ऑफ 2025
मैसर्स कॉर्पोरेट इस्पात अलॉयज लिमिटेड
(परिसमापन में) के मामले में

उपरोक्त वर्णित कंपनी आवेदन में माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा पारित दिनांक 14.10.2026 के आदेशानुसार, संभावित/इच्छुक खरीदार/खरीदारों की ओर से मैसर्स कॉर्पोरेट इस्पात अलॉयज लिमिटेड (परिसमापन में) कंपनी की संपत्तियों, जैसा कि नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है, की ई–नीलामी बिक्री के लिए "जैसा है जहाँ है तथा जो भी है आधार" पर संपत्तियों के लिए बोलीयां आमंत्रित की जाती है । ई–नीलामी में भाग लेने के लिए स्थान, निरीक्षण की तिथि और ईएमडी के साथ आरक्षित मूल्य का विवरण निम्नानुसार है :

संपत्ति/संपत्तियों का विवरण	इच्छुक खरीदार/खरीदारों के लिए निरीक्षण की तिथि	आरक्षित मूल्य	आरक्षित मूल्य पर 20 % ईएमडी
सोलर थर्मल पावर प्लांट (50 मेगावाट) लीज होल्ड भूमि पर निर्मित सोलर थर्मल पावर प्लांट, जो लगभग 187.550 हेक्टेयर है, जो 463.45 एकड के बराबर है, जिसमें स्थायी संरचनाएं/शेड, प्लांट एवं मशीनरी, उपकरण, सोलर शीट, आदि हैं, जो खसरा नंबर 63, 64, 65, 66, 67, 70, 99 और 100, गांव नोख, तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर, भारत के राजस्थान राज्य – 342310 में स्थित है । (फालोदी रेलवे स्टेशन निकटवर्ती @ 70 कि.मी./जोधपुर हवाई अड्डा @ 190 कि.मी.)	3 और 4 दिसंबर, 2026 को सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच	रू. 24,72,93,000	रू. 4,94,58,600 एवं रू 1,416 ई–निलामी में भाग लेने के लिए पंजीकरण शुल्क

(1.) बिक्री सुरक्षित ऋणदाता द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा तैयार और प्रस्तुत मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी, जो कलकत्ता के माननीय उच्च न्यायालय की पुष्टि के अधीन है ।

(2.) पोर्टल पर उपलब्ध मोड के माध्यम से ईएमडी राशि (ब्याज मुक्त) जमा की जानी चाहिए। ई–नीलामी में अनुरोध और भागीदारी और ईएमडी ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2026, 16.30 बजे तक या उससे पहले है । अंतिम समय की किसी भी असुविधा से बचने के लिए, अंतिम तिथि से एक दिन पहले ईएमडी जमा कर दें ।

(3.) ई–नीलामी का आयोजन वेबसाईट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/npa/index.jsp के माध्यम से 16.12.2026 को 11.00 बजे से 16.00 बजे के बिच नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार समय के स्वतः विस्तार के साथ आयोजित की जाएगी ।

(4.) बोलीदाताओं को MSTC वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/npa/index.jsp के माध्यम से अपना ऑनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा ।

(5.) बोलीदाताओं को वेबसाइट www.mca.gov.in और https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/npa/index.jsp के माध्यम से विस्तृत जानकारी, नियम और शर्त एकत्र करनी चाहिए और निचे दिए गए संपर्को से भी मदद ले सकते है : (10.00 बजे से 18.00 बजे तक) :-
079–69066600

दिनांक 12 नवंबर, 2026

हस्ता./–
(दीप नारायण चौधरी) (आई.सी.एल.एस)
आधिकारिक परिसमापक, उच्च न्यायालय, कलकत्ता
"कारपोरेट भवन", 5वीं मंजिल, अकंदकेशरी, राजारहाट,
न्यू टाउन, कोलकाता – 700 135.
फोन नं. (033) 2243 5073/2248 6067

DNA 418567

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)

